**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–08.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नरेन्द्र मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की लेंगे शपथ, श्री मोदी ने कहा– एनडीए एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनायेगी।**

2. **मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने की वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा, पहली तिमाही में छह हजार करोड़ राजस्व संग्रह के लक्ष्य को पूरा करने का दिया निर्देश।**

3. **मौसम विभाग ने पलामू और गढ़वा सहित 17 जिलों में हीट वेव चलने का जारी किया अलर्ट, दूसरी ओर पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला और सिमडेगा में बारिश और वज्रपात की चेतावनी।**

4. **नेपाल में हुई अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में झारखंड ने दो स्वर्ण और सात रजत सहित 25 पदक जीते, रांची पहुंचने पर टीम का हुआ भव्य स्वागत।**

******************

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी को नयी सरकार के गठन का न्यौता दिया है। श्री मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति श्री मोदी और उनके नए मंत्रिमण्डल को शपथ दिलाएंगी। इससे पहले कल शाम भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में एनडीए के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की और एक पत्र सौंपा जिसमें कहा गया कि नरेंद्र मोदी को भाजपा संसदीय दल का नेता चुना गया है। एनडीए के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के बाहर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए एक मजबूत, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार बनाएगी।

******************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने वाणिज्य कर विभाग को चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व प्राप्ति के निर्धारित छह हज़ार करोड़ रुपए का लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने वाणिज्य कर विभाग के राजस्व संग्रहण की समीक्षा करते हुए कहा कि ओड़िशा, बिहार, छतीसगढ़ और बंगाल जैसे राज्यों का आकलन कर जीएसटी की तुलनात्मक रिपोर्ट तैयार करें, ताकि झारखंड भी केन्द्र सरकार के समक्ष अपनी मांग रख सके। इस मौके पर वाणिज्य कर विभाग की ओर से बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में छह हज़ार करोड़ रुपए के राजस्व संग्रहण के लक्ष्य की तुलना में 35 सौ करोड़ रुपए टैक्स की वसूली की जा चुकी है।

******************

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में जेल में बंद ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के विभाग अपने पास ले लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। विभागीय सचिव वंदना दादेल के अनुसार मुख्यमंत्री के पास पूर्व से आवंटित विभागों के अतिरिक्त संसदीय कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज विभाग आवंटित किया गया है। पूर्व से आवंटित सभी विभाग मुख्यमंत्री के पास यथावत रहेंगे। यह तत्काल प्रभाव से मान्य होगा।

*****************

जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड के खनन प्रभावित पांच गांवों को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। जिले की उपायुक्त कुमुद सहाय की अध्यक्षता में जिला खनन फाउंडेशन ट्रस्ट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने बताया कि खनन प्रभावित नारायणपुर प्रखंड के पांच गांव का सर्वे कराकर वहां सड़क, बिजली, पीने का पानी, आंगनबाड़ी, विद्यालय, खेल मैदान, सामुदायिक शौचालय सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं बहाल की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की भी पहल की जायेगी।

*****************

गढ़वा जिले के खरौंधी प्रखंड के कूपा और मेलवान गांव के लगभग पांच दर्जन से अधिक राशन कार्डधारियों ने डीलर पर राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। मामले की जांच करने मेलवान पहुंचे एमओ सह सीओ सुनील कुमार और सीआइ मुजीब अंसारी को आक्रोशित ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बाद में डीलर द्वारा बकाये राशन का वितरण किये जाने के बाद दोनों अधिकारियों को मुक्त किया गया।

*****************

जमशेदपुर में सलगाझरी रेलवे क्रॉसिंग के पास शमशान घाट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

मौसम विभाग ने राज्य के कुछ हिस्सों में हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया है तो कुछ इलाकों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान आंधी चलने की भी संभावना जतायी गयी है। राज्य में ऐसी स्थिति अगले तीन दिनों तक रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में हीट वेव चलेगी। बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा और पाकुड़ में भी लू चलने की चेतावनी जारी की गयी है। इसके विपरीत रांची, पूर्वी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला–खरसांवा के अलावा कुछ अन्य हिस्सों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। कल राज्य के कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा।

*****************

लोहरदगा जिले में एक कांस्टेबल द्वारा एक एएसआई की गोली मारकर हत्या करने के मामले की जांच तेज कर दी गयी है। इस कड़ी में डीआईजी अनूप बिरथरे कल लोहरदगा पहुंचे। डीआईजी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर जिले के पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां भी मौजूद थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री बिरथरे ने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृति न हो। डीआईजी ने कहा कि शहीद एएसआई के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार नौकरी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

*****************

जमशेदपुर के साकची स्थित बौद्ध मैदान में आज से दो दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह की शुरुआत हो रही है। समिति के महासचिव सुजीत झा ने बताया कि इस समारोह में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे। समारोह में विधायक सरयू राय और एसडीओ पारुल सिंह भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में मिथिला संगीत कार्यक्रम के अलावा आनंद मेला का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में

गीत– संगीत प्रस्तुत करने के लिए मुंबई, दिल्ली और पटना के कलाकार आ रहे हैं। वहीं स्थानीय कलाकारों को भी मौका दिया जा रहा है।

******************

नेपाल के काठमांडु में एक और दो जून को हुई अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में झारखंड की टीम को दो स्वर्ण और सात रजत सहित 25 पदक मिले। इस प्रतियोगिता में झारखंड की 14 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। कल टीम के रांची लौटने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कराटे एसोसिएशन से जुड़े पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।

******************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी प्रमुख अखबारों ने नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रपति द्वारा नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने झारखंड से अन्नपूर्णा देवी, निशिकांत दुबे और चन्द्रप्रकाश चौधरी के मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने की संभावना से संबंधित खबर को अपने पहले पन्ने पर जगह दी है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– पीएम के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे लोको पायलट एएसपी तिर्की।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– नीट के नतीजों का विरोध तेज, न्यायिक जांच की मांग।

**दैनिक जागरण** लिखता है –रांची से चल रहा था झांसा देकर साइबर ठगी का बड़ा खेल, सरगना समेत पांच गिरफ्तार ।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन द्वारा वाणिज्य कर विभाग के राजस्व संग्रह की समीक्षा करने की खबर को सुर्खी बनाई है।

**राष्ट्रीय नवीन मेल के अलावा** अंग्रेजी अखबार **हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने 9 जून को नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****समाप्त*************